प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

03.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

एम्स

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि बिलासपुर में एम्स के निर्माण से प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत मिली है और इसका निर्माण तीन वर्षों के रिकार्ड समय में पूरा किया गया है। जगत प्रकाश नड्डा ने आज एम्स के तीसरे स्थापना दिवस के मौके पर बिलासपुर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि एम्स ने बहुत कम समय में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और अब तक गुर्दा प्रत्यारोपण के 8 सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। नड्डा ने बताया कि एम्स बिलासपुर में 7 सौ 50 बिस्तरों की क्षमता वाला रोगी वार्ड और 40 विभागों वाला बाह्य रोगी विभाग कार्यरत है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में 23 एम्स संचालित हैं जिनमें से 13 उनके कार्यकाल के दौरान स्थापित किए गए हैं। जगत प्रकाश नड्डा ने बताया कि एम्स बिलासपुर में हिमकेयर व आयुष्मान भारत योजनाओं के तहत अब तक 20 हजार से अधिक रोगियों का निशुल्क उपचार किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासनिक अधिकारियों को लम्बित विकास परियोजनाएं प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज प्रशासनिक सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अब से मुख्य सचिव सभी विभागों की परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों को राज्य सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है और लोगों के कल्याण के लिए सरकार वचनबद्ध है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस वर्ष आपदा के दौरान हुए नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट जल्द तैयार करने के राजस्व विभाग को निर्देश दिए ताकि ये रिपोर्ट जल्द केन्द्र सरकार को भेजी जा सके।

जीएसटी सुधार–दोपहिया वाहन व कारें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ था, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम छोटी कारों और दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

मुख्य सचिव

कार्यकारी मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को वित्तीय अनुशासन अपनाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज मुख्यमंत्री के साथ पहली बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना और सभी योजनाओं का प्रभावी ढंग से संचालन करना उनकी प्राथमिकता है। संजय गुप्ता ने कहा कि किसी भी विभाग की फाईल दो दिन से अधिक समय तक एक कार्यालय में लम्बित नहीं रहेगी और इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

———————————